# ब्राजील से अमेरिका को एथनॉल आपूर्ति घटेगी

## पर्यावरण एजेंसी के प्रस्तावित नियम से एथनॉल कंपनियों को लगेगा झटका

रॉयटर्स ◆ न्यूयॉर्क साओ पाउलो




**अगर** अमेरिका में अगले साल बायो फ्यूल मिश्रण घटाने का कानून पारित हो जाता है तो ब्राजील से गन्ने का अमेरिका में आयात घटकर आधे से भी कम रह सकता है। अमेरिका के मक्का आधारित एथनॉल बनाने वाले उद्योग ने इस खबर के बाद जोरदार लामबंदी शुरू कर दी है।

संभावना व्यक्त की जा रही है कि पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (ईपीए) एथनॉल का मिश्रण का अनुपात घटा सकती है। इससे सभी एथनॉल कंपनियां प्रभावित होंगी। चाहें उनमें ब्राजील के एथनॉल उत्पादक जैसे रायजेन हों या फिर रॉयल डच शेल पीएलसी और वायटोल जैसी ट्रेडिंग कंपनियां हों। इन सभी के कारोबार को करारा झटका लग सकता है। ईपीए के नियम के अनुसार गन्ना आधारित फ्यूल को एडवांस्ड बायोफ्यूल की श्रेणी में माना जाता है। इस वजह से इसका ब्राजील से आयात जोरों पर हो रहा है।

ईपीए की अभी तैयार की जा रही रिपोर्ट के बारे में कहा गया है कि इस साल ब्राजील से गन्ने से निर्मित 2.21 अरब गैलन एडवांस्ड बायोफ्यूल का आयात किया गया। जबकि बायो डीजल का आयात 2.75 अरब गैलन रहा। बायो डीजल सोयाबीन और कुकिंग ऑयल की रिसाइकलिंग के जरिये बनाया जाता है। प्रस्ताव के अनुसार इस साल 2.21 अरब गैलन में से 1.28 अरब गैलन फ्यूल बायो डीजल के रूप में आयात किया जाना चाहिए। लेकिन बायो डीजल में एनर्जी कंटेंट ज्यादा होने की वजह से सप्लायरों को प्रत्येक गैलन बायो डीजल के आयात पर 1.5 ब्लेंडिंग क्रेडिट मिलता है। जबकि एथनॉल के लिए प्रति गैलन पर एक क्रेडिट ही मिलता है। बायो डीजल के एडवांस्ड पूल से 1.92 अरब क्रेडिट मिल सकते हैं। इससे ब्राजील से आयात होने वाले एथनॉल से सिर्फ 30 करोड़ क्रेडिट मिल पाएंगे। इससे ब्राजील से गन्ने के एथनॉल की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। अमेरिका ब्राजील से करीब 80 फीसदी एथनॉल आयात करता है। शुगर एंड एथनॉल कंसल्टिंग फर्म डाटाग्रो के प्रमुख प्लीनियो नस्तारी ने कहा कि लेटिन अमेरिकी देश घरेलू और निर्यात सप्लाई के लिए ज्यादा एथनॉल की मांग कर रहे हैं। लेकिन अमेरिका के इस कदम से उनके कारोबार को झटका लगेगा।

Business Bhaskar
14/10/13

VR